पंजाब केसरी

Date: 04.07.2024

मनाली शिविर में शामिल हुए 150 स्वयंसेवक

जींद, 3 जुलाई (ललित) : मनाली के अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीच्यूट ऑफ माऊंटेनियरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स में आयोजित विशेष एडवैंचर शिविरों में सी.आर.एस. विश्वविद्यालय से 150 से अधिक स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। महिला स्वयंसेवकों के शिविर में सी.आर.एस.यू. जींद से कार्यक्रम अधिकारी ज्योति, एस.डी. गर्ल्स कॉलेज, उचाना के साथ 15 स्वयंसेविकाओं और पुरुष स्वयंसेवकों के शिविर में राजकीय महाविद्यालय अलेवा के कार्यक्रम अधिकारी चांदराम के साथ 5 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

सत्र 2023-24 में आयोजित किए गए 7 एडवैंचर शिविरों में विश्वविद्यालय से 50 से अधिक स्वयंसेवक भाग ले चुके हैं। पुरुष स्वयंसेवकों वाले संपूर्ण शिविर का नेतृत्व चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के स्वयं सेवक हिमांशु ने किया। दोनों शिविरों में स्वयं सेवकों की दिनचर्या प्रात: 6:00 बजे से शुरू होकर रात्रि 9:00 बजे तक होती थी। हर दिन सभी स्वयंसेवक को योगाभ्यास के साथ-साथ एडवैंचर क्रियाएं करवाई जाती थी।

इसमें रॉक क्लाइम्बिंग, रैपलिंग, रिवर क्रॉसिंग, टैंट पिचिंग, 15 किलो मीटर ट्रैकिंग (मनाली से सोलांग वैली), ऊंचाई चढ़ना (11,045 फीट) आदि क्रियाएं करवाई जाती थीं। प्रतिदिन एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया जाता था जिसमें नॉट मेकिंग, पर्वतारोहण का खतरा, मॉन्टेनरिंग मैनर्स व टैंट पिचिंग आदि के बारे में स्वयंसेवकों व स्वयं सेविकाओं को अवगत करवाया जाता था। शिविर दौरान अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीच्यूट के म्यूजियम का भी भ्रमण करवाया गया। दोनों शिविरों दौरान एडवैंचर मूवी 'द अल्पिनिस्ट' भी दिखाई गई, जिससे स्वयं सेवकों को प्रोत्साहन मिले।

वी.सी. के साथ मौजूद एन.एस.एस. स्वयंसेवक।

इसके अलावा शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया जाता था। इन शिविरों दौरान स्वयंसेवकों व स्वयंसेविकाओं को अंजनी महादेव मंदिर, मनु मंदिर, हिडिंबा मंदिर और बहुत सारी लोकल जगहों का भ्रमण कराया गया था। शिविरों में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों को विश्वविद्यालय बुलाकर कुलपति डॉ. रणपाल सिंह व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जितेंद्र कुमार ने बधाई दी और स्वयंसेवकों के बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। डॉ. जितेंद्र कुमार ने बताया कि एन.एस.एस. स्वयंसेवक सरकार द्वारा दी गई सभी सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं और राज्य एन.एस.एस. कार्यालय द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले एडवैंचर शिविरों, राज्य स्तरीय शिविरों व राष्ट्रीय एकीकरण शिविरों में स्वयंसेवक बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।